ई–मेल द्वारा
अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध

**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

**पत्रॉकः प्राशिप/अनु0–06/नव0 2024–25/** 8228 **लखनऊः दिनॉकः** 16/11/**2024**

**विषयः सत्र 2024–25 में ऑनलाइन काउन्सिलिंग के उपरांत नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के नामांकन फार्म भराये जाने विषयक।**

महोदय,

कृपया परिषद कार्यालय के पत्र संख्या प्राशिप/अनु06/नव0 24–25/8065 दिनांक 06/11/2024 एवं प्राशिप/अनु06/नव0 24–25/8179 दिनांक 13/11/2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमें परिषद से सम्बद्ध समस्त संस्थाओं को अवगत कराया गया था कि शैक्षिक सत्र 2024–25 में ऑनलाइन काउन्सिलिंग के उपरांत नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के नामांकन किये जाने हेतु तिथि 17/11/2024 निर्धारित थी। परन्तु कतिपय संस्थाओं द्वारा छात्र/छात्राओं के नामांकन की कार्यवाही निर्धारित तिथि तक पूर्ण नही की गयी है। अतः अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए नामांकन हेतु अंतिम तिथि 20/11/2024 तक विस्तारित की जाती है। यह भी अवगत कराना है कि विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2024 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र दिनांक 22.11.2024 से ऑनलाइन भराया जाना प्रस्तावित है।

अतः प्राथमिकता के आधार पर छात्र/छात्राओं के नामांकन की कार्यवाही समयान्तर्गत करना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के पश्चात किसी भी दशा में नामांकन हेतु पोर्टल नही खोला जायेगा। यदि कोई भी छात्र/छात्रा नामांकन फार्म भरने से वंचित रह जाता है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्था प्रधानाचार्य का होगा।

भवदीय,
(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

**पृ0 स0ः प्राशिप/अनु0–06/नव0 24–25/** 8229-31 **तद् दिनॉकः** 16/11/**2024**

**प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र, बुन्देलखण्ड क्षेत्र, मध्य क्षेत्र, पश्चिमी क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्थाओं के संस्था प्रधानाचार्य का अपने स्तर से निर्देशित करने की कृपा करें।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त की सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

Scanned with OKEN Scanner